**अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में दिनांक–25.04.2024 को जूम के माध्यम से सम्पन्न विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त की साप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

---

**उपस्थितिः–** यथा संधारित।

दिनांक–25.04.2024 को राज्य के 20 जिलों में चल रहे विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यों के प्रगति की समीक्षा सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, जिलास्तरीय पदाधिकारियों एवं भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारियों के साथ अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना अध्यक्षता में की गई है।

बैठक में सर्वप्रथम 2500 खेसरों से कम वाले राजस्व ग्रामों के प्रारूप अधिकार अभिलेख प्रकाशन की समीक्षा की गई एवं समीक्षोपरान्त निम्नरूपेण प्रगति पाई गई–

**I. <u>2500 खेसरों से कम वाले राजस्व ग्रामों में विशेष सर्वेक्षण की प्रगति</u>**

2500 खेसरा तक विशेष् सर्वेक्षण प्रक्रमवार राजस्व ग्रामों की स्थिति

| क्र0 सं0 | जिला | कुल राजस्व ग्राम | प्रारूप प्रकाशन | अवशेष | खानापुरी | प्रपत्र–6 इंट्री | एल0 पी0 एम0 लंबित | एल0 पी0 एम0 वितरण के पश्चात् सुनवाई | विश्रांति के लिए लंबित राजस्व ग्राम | Map Updation के लिए लंबित | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अरवल | 166 | 156 | 10 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 8 | |
| 2 | बेगूसराय | 287 | 265 | 22 | 1 | 4 | 6 | 5 | 3 | 2 | |
| 3 | खगड़िया | 78 | 76 | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | |
| 4 | किशनगंज | 284 | 162 | 122 | 0 | 65 | 8 | 44 | 4 | 1 | |
| 5 | मधेपुरा | 61 | 54 | 7 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 4 | |
| 6 | मुंगेर | 264 | 260 | 4 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 2 | |
| | **कुल** | **1140** | **973** | **167** | **3** | **70** | **14** | **50** | **13** | **17** | |

समीक्षोपरान्त उक्त प्रगति के सम्बन्ध में विभिन्न जिलों द्वारा निम्न प्रतिवेदन दिया गया–

(i) बन्दोबस्त पदाधिकारी, अरवल द्वारा बताया गया कि एक पक्ष के अन्दर 2500 खेसरा तक वाले सभी खेसरों वाले राजस्व ग्रामों का प्रारूप अधिकार अभिलेख प्रकाशित कर दिया जाएगा।

(ii) बेगूसराय के बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रपत्र–12 के प्रकाशन हेतु प्रपत्र–12 के प्रकाशन हेतु लम्बित कुल 22 ग्रामों में से 18 राजस्व ग्रामों में रेलवे एवं N.H की भूमि का ब्यौरा प्राप्त नहीं होने के कारण प्रपत्र–12 के प्रकाशन में बाधा आ रही है। इन राजस्व ग्रामों में 16 ग्राम साहेबपुर कमाल अंचल में तथा मंसूरचक में 02 राजस्व ग्राम में बेगूसराय–खगड़िया तथा मुंगेर रेलवे लाईन, छोटी रेलवे लाईन, N.H 31 तथा N.H 333 (B) की भूमि रहने तथा उसका ब्यौरा प्राप्त नहीं हो पाने के कारण प्रारूप अधिकार अभिलेख का प्रकाशन बाधित है। जिन ग्रामों में रेलवे तथा N.H की भूमि नहीं है, उनमें प्रपत्र–12 का प्रकाशन एक पक्ष के अन्दर कर दिया जाएगा।

(iii) खगड़िया के बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रपत्र–12 के प्रकाशन हेतु 02 राजस्व ग्राम लम्बित हैं, जिनमें एक राजस्व ग्राम में ग्रामीणों के विरोध के कारण कार्य विलम्ब से प्रारंभ हुआ था और एक राजस्व ग्राम के सम्बन्ध में निदेशालय के पदाधिकारियों द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि समस्या के समाधान हेतु खगड़िया के अंचल अधिकारी को आवश्यक कागजातों एवं मानचित्र के साथ बुलाया गया है, किन्तु निर्वाचन सम्बन्धी व्यस्तता के कारण वे निदेशालय में उपस्थित नहीं हो सके हैं।

(iv) निर्वाचन सम्बन्धी कार्य में संलग्न रहने के कारण किशनगंज के बन्दोबस्त पदाधिकारी बैठक में अनुपस्थित थे। बैठक में उपस्थित सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रपत्र–6 की इंट्री के कार्य का प्रतिदिन अनुश्रवण किया जा रहा है, किन्तु अमीनों द्वारा प्रपत्र–6 का विधिवत् संधारण नहीं किए जाने के कारण प्रपत्र–6 की प्रविष्टि के कार्य की गति बाधित हो रही है।

(v) मुंगेर एवं मधेपुरा द्वारा बताया गया कि 2500 खेसरों तक वाले सभी राजस्व ग्रामों का प्रारूप अधिकार अभिलेख का प्रकाशन 30 अप्रैल, 2024 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

समीक्षोपरान्त निदेशित किया गया कि बेगूसराय में रेलवे के लिए पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक को यथाशीघ्र पत्र देते हुए रेलवे की भूमि की विवरणी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया जाय। साथ ही N.H की भूमि के लिए पत्राचार किया जाय। जिन जिलों द्वारा विभिन्न बिन्दुओं के सम्बन्ध में मार्गदर्शन की मांग की जा रही है, उन्हें यथाशीघ्र मार्गदर्शन उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। किशनगंज को निदेशित किया गया कि प्रपत्र–6 की इंट्री में तेजी लाते हुए प्रतिदिन इंट्री की समीक्षा की जाय एवं प्रत्येक दशा में प्रत्येक सप्ताह कम–से–कम 500 प्रविष्टियों की इंट्री करना सुनिश्चित किया जाय।

## II. <u>2501 से 5000 खेसरा तक वाले राजस्व ग्रामों में विशेष सर्वेक्षण की प्रगति</u>

2500 खेसरों तक वाले ग्रामों की प्रगति के समीक्षोपरांत 2501 से 5000 खेसरों तक वाले राजस्व ग्रामों में प्रगति की समीक्षा की गई एवं जिलावार, प्रक्रमवार किये जाने वाले कार्य की अद्यतन स्थिति निम्नवत् पाई गई–

| 2500- 5000 खेसरा तक विशेष् सर्वेक्षण प्रक्रमवार राजस्व ग्रामों की स्थिति | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र0 सं0 | जिला | कुल राजस्व ग्राम | प्रारूप प्रकाशन | अवशेष | खानापुरी | प्रपत्र –6 इंट्री | एल0 पी0 एम0 लंबित | एल0 पी0 एम0 वितरण के पश्चात् सुनवाई | विश्रांति के लिए लंबित राजस्व ग्राम | Map Updation के लिए लंबित | अभ्युक्ति |
| 1 | अररिया | 32 | 10 | 22 | 0 | 8 | 3 | 10 | 0 | 1 | |
| 2 | अरवल | 88 | 13 | 75 | 20 | 16 | 25 | 3 | 0 | 11 | |
| 3 | बांका | 57 | 19 | 38 | 9 | 16 | 1 | 9 | 0 | 3 | |
| 4 | बेगूसराय | 67 | 6 | 61 | 29 | 15 | 3 | 13 | 0 | 1 | |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | जमुई | 30 | 11 | 19 | 3 | 8 | 2 | 4 | 0 | 1 | इनके द्वारा सभी अमीन को खानापुरी कार्य में लगा दिया गया है |
| 6 | जहानाबाद | 56 | 22 | 34 | 3 | 5 | 13 | 11 | 2 | 0 | |
| 7 | कटिहार | 34 | 27 | 7 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 6 | |
| 8 | खगड़िया | 45 | 10 | 35 | 6 | 14 | 5 | 10 | 0 | 0 | |
| 9 | किशनगंज | 97 | 0 | 97 | 82 | 15 | 0 | 0 | | 0 | |
| 10 | लखीसराय | 85 | 11 | 74 | 19 | 41 | 0 | 13 | 1 | 0 | |
| 11 | मधेपुरा | 18 | 0 | 18 | 2 | 8 | 3 | 3 | 0 | 2 | |
| 12 | मुंगेर | 33 | 17 | 16 | 0 | 3 | 0 | 8 | 4 | 1 | |
| 13 | नालंदा | 102 | 53 | 49 | 0 | 0 | 7 | 28 | 2 | 10 | दो राजस्व ग्रामों का सी०एस० मानचित्र अनुपलब्ध है। |
| 14 | सहरसा | 45 | 8 | 37 | 15 | 8 | 0 | 11 | 2 | 1 | |
| 15 | शिवहर | 25 | 17 | 8 | 0 | 3 | 0 | 5 | 0 | 0 | |
| 16 | सीतामढ़ी | 106 | 24 | 82 | 31 | 28 | 4 | 15 | 0 | 4 | |
| 17 | सुपौल | 64 | 41 | 23 | 4 | 6 | 3 | 0 | 5 | 0 | |
| 18 | प0 चम्पारण | 63 | 15 | 48 | 6 | 18 | 6 | 11 | 7 | | |
| | **कुल** | **1047** | **304** | **743** | **229** | **212** | **75** | **155** | **23** | **41** | |

**III. <u>5000 खेसरा तक वाले राजस्व ग्रामों में विशेष सर्वेक्षण की प्रगति</u>**

5000 खेसरों तक वाले ग्रामों की प्रगति के समीक्षोपरांत 5000 से अधिक वाले खेसरों तक वाले राजस्व ग्रामों में प्रगति की समीक्षा की गई एवं जिलावार, प्रक्रमवार किये जाने वाले कार्य की अद्यतन स्थिति निम्नवत् पाई गई–

**5000 से अधिक खेसरा तक विशेष सर्वेक्षण प्रक्रमवार राजस्व ग्रामों की स्थिति**

| क्र०सं० | जिला | कुल राजस्व ग्राम | प्रारूप प्रकाशन | अवशेष | खानापुरी | | | प्रपत्र . 6 इंट्री प्रक्रियाधीन ग्रामों की संख्या | एल०पी० एम० | | सुनवाई | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | वैसे राजस्व ग्राम जहां खानापुरी शुरू नहीं हुआ | खानापुरी कार्य चल रहा है। | खानापुरी पूर्ण परंतु प्रपत्र . 6 इन्ट्री शुरू नहीं हुआ है। | | एल० पी० एम० लंबित | एल० पी० एम० वितरित | राजस्व ग्राम जहाँ सुनवाई चल रही है। | सुनवाई पूर्ण राजस्व ग्रामों की संख्या | |
| 1 | अररिया | 34 | 0 | 34 | 0 | 15 | 2 | 15 | 1 | 0 | 1 | 0 | |
| 2 | अरवल | 58 | 0 | 58 | 22 | 28 | 0 | 8 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 3 | बांका | 48 | 0 | 48 | 0 | 34 | 0 | 7 | 0 | 0 | 2 | 1 | |
| 4 | बेगूसराय | 75 | 1 | 74 | 4 | 55 | 1 | 10 | 3 | 2 | 1 | 0 | |
| 5 | जमुई | 56 | 0 | 56 | 22 | 28 | 0 | 5 | 0 | 0 | 1 | 0 | इनके द्वारा सभी अमीन को खानापुरी कार्य मे लगा दिया गया है। |
| 6 | जहानाबाद | 25 | 0 | 25 | 0 | 6 | 0 | 15 | 2 | 0 | 2 | 0 | |

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | कटिहार | 17 | 1 | 16 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 4 | 11 | |
| 8 | खगडिया | 31 | 0 | 31 | 0 | 22 | 0 | 7 | 0 | 3 | 0 | 0 | |
| 9 | किशनगंज | 73 | 0 | 73 | 9 | 64 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 10 | लखीसराय | 59 | 0 | 59 | 25 | 25 | 0 | 9 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 11 | मधेपुरा | 35 | 0 | 35 | 0 | 31 | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 12 | मुंगेर | 9 | 0 | 9 | 0 | 5 | 0 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | |
| 13 | नालंदा | 77 | 2 | 75 | 0 | 40 | 0 | 25 | 6 | 0 | 4 | 0 | |
| 14 | पूर्णियाँ | 13 | 0 | 13 | 0 | 5 | 0 | 5 | 2 | 1 | 0 | 0 | |
| 15 | सहरसा | 35 | 0 | 35 | 0 | 25 | 0 | 8 | 0 | 2 | 0 | 0 | |
| 16 | शेखपुरा | 60 | 29 | 31 | 0 | 4 | 0 | 16 | 0 | 0 | 8 | 3 | |
| 17 | शिवहर | 24 | 0 | 24 | 4 | 11 | 9 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 18 | सीतामढी | 57 | 1 | 56 | 0 | 43 | 0 | 9 | 2 | 0 | 2 | 0 | |
| 19 | सुपौल | 60 | 7 | 53 | 5 | 38 | 0 | 0 | 2 | 0 | 6 | 2 | |
| 20 | प० चम्पारण | 66 | 0 | 66 | 3 | 41 | 10 | 8 | 2 | 1 | 0 | 1 | |
| | **कुल** | **912** | **41** | **871** | **94** | **520** | **24** | **152** | **21** | **9** | **32** | **18** | |

2501 से 5000 तक वाले खेसरा तथा 5000 से अधिक खेसरा वाले सभी राजस्व ग्रामों के प्रक्रमवार प्रगति की समीक्षा उपरान्त विभिन्न जिलों प्राप्त प्रतिवेदन समीक्षोपरान्त दिए गए निदेश निम्नवत हैः–

(i) समीक्षा के क्रम में पाया गया कि दिनांक–12.04.2024 को हुई स्पष्ट रूप से निदेश के बावजू अभी तक कुछ जिलों यथा–लखीसराय, किशनगंज, शिवहर आदि में सभी राजस्व ग्रामों में खानापुरी का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, जबकि कटिहार, पूर्णियां एवं शेखपुरा में प्रथम चरण के लगभग सभी ग्रामों में खानापुरी पूर्ण कर लिया गया है। पूर्णियां द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि प्रथम चरण के 15 राजस्व ग्रामों जिनमें HRSI (High Resolution Satellite Image) तकनीक से तैयार मानचित्र की सहायता से सर्वे किया जाना है, में विशेष सर्वेक्षण का कार्य लंबित है।

(ii) नालंदा एवं शिवहर के बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि उनके द्वारा क्रमशः 2 एवं 3 राजस्व ग्राम के पूर्व से अनुपलब्ध मानचित्रों को स्थानीय स्तर पर प्राप्त कर डिजिटाईजेशन हेतु बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना को उपलब्ध कराया गया है। यह भी बताया गया कि इस राजस्व ग्रामों में मानचित्रों के नहीं रहने के कारण कार्य बाधित हो रहा है।

(iii) कटिहार के बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा 01 ग्राम में तकनीकी कारण से अमीन की टैगिंग नहीं हो पाने के बारे में प्रतिवेदित किया गया।

(iv) समीक्षा में पाया गया कि मासिक समीक्षात्मक बैठक में दिए गए निदेश के अनुरूप किसी भी जिले द्वारा प्रथम चरण के सभी राजस्व ग्रामों में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त का कार्य जून, 2026 तक पूरा करने के लिए कार्य–योजना उपलब्ध नहीं कराई गई है। साथ ही यह भी पाया गया कि जिला स्तर पर सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी/राजस्व पदाधिकारी द्वारा शिविरों के निरीक्षण उपरांत CVMS (Camp Visit Monitoring System) में प्रतिवेदन अपलोड नहीं किया जा रहा है।

(v) बेगूसराय एवं कुछ अन्य जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि वर्त्तमान समय में वेतन के अतिरिक्त कार्यालय व्यय आदि मद में आवंटन प्राप्त नहीं होने के कारण कार्य निष्पादन में कठिनाई हो रही है।

जिलास्तरीय प्रगति की समीक्षा एवं जिलों से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में निम्नांकित निदेश दिये गयेः–

1. निदेशित किया गया कि मासिक बैठक में दिये गये निदेश के अनुरूप सभी राजस्व ग्रामों में अविलंब खानापुरी का कार्य प्रारंभ कर दिया जाय एवं जून, 2024 के प्रथम सप्ताह तक पूर्ण कर लिया जाय। पूर्णियां जिला को निदेशित किया गया कि HRSI (High Resolution Satellite Image) तकनीक वाले राजस्व ग्रामों में कार्य करने हेतु हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों को निदेशालय स्तर से दिशा निदेश दिए जा चुके है। अतः इन ग्रामों में अविलंब कार्य पूर्ण किया जाय। शेखपुरा जिला में कार्य की प्रगति को देखते हुए निदेशित किया गया कि शेखपुरा से कितने अमीनों की प्रतिनियुक्ति शिवहर में की जा सकती है, इस आशय का प्रतिवेदन निदेशालय को अविलंब उपलब्ध करा दिया जाय।

**(अनुपालन– बन्दोबस्त पदाधिकारी, पूर्णियाँ / कटिहार / अररिया / बेगूसराय / लखीसराय / शेखपुरा)**

2. निदेशित किया गया कि नालंदा, शिवहर समेत अन्य किसी भी जिले से डिजिटाईजेशन हेतु मानचित्र प्राप्त होता है तो बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना को मानचित्र उपलब्ध कराते हुए डिजिटाईजेशन की कार्रवाई पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाय।

**(अनुपालन– विशेष सर्वेक्षण शाखा, भू–अभिलेख एवं परिमाप)**

3. कटिहार में अमीन की ग्राम टैगिंग सम्बन्धी समस्या के बारे में निदेशित किया गया कि कटिहार समेत अन्य किसी भी जिले से संबंधित कोई भी तकनीकी समस्या प्राप्त होती है तो निदेशालय स्तर से अधिकतम एक से दो दिन में उसका समाधान कर लिया जाय।

**(अनुपालन– आई0टी0 सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप)**

4. सभी जिलों को निदेशित किया गया कि प्रथम चरण वाले 20 जिलों के सभी अंचलों एवं राजस्व ग्रामों में जून, 2026 तक विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त का कार्य पूर्ण करने के लिए प्रक्रमवार कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए विस्तृत कार्य–योजना तैयार कर आगामी समीक्षात्मक बैठक के पूर्व निदेशालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय। यह भी निदेशित किया गया कि जिला स्तर से बन्दोबस्त पदाधिकारी / सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी / राजस्व पदाधिकारी द्वारा प्रत्येक सप्ताह में कम–से–कम तीन शिविरों का निरीक्षण किया जाय एवं निरीक्षण प्रतिवेदन को CVMS पर निश्चित रूप से अपलोड किया जाय।

**(अनुपालन– बन्दोबस्त कार्यालयों के सभी जिलास्तरीय बन्दोबस्त पदाधिकारी )**

5. निदेशित किया गया कि सभी जिलों को कार्यालय व्यय आदि में आवंटन उपलब्ध कराने के लिए निदेशालय स्तर से अविलंब संचिका उपस्थापित की जाय।

**(अनुपालन– प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप )**

अंत में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

ह0/–

**(दीपक कुमार सिंह)**
अपर मुख्य सचिव,
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग,
बिहार, पटना।

**E-Mail**

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (04) वि0सर्वे0–10/2022 ........2014........ **पटना, दिनांक**:......06/05/2024......

**प्रतिलिपिः** बन्दोबस्त पदाधिकारी, किशनगंज, अररिया/अरवल/बांका/बेगूसराय/जमुई/जहानाबाद/कटिहार/खगड़िया/लखीसराय/मधेपुर/मुंगेर/नालंदा/पूर्णिया/सहरसा/शेखपुरा/शिवहर/सीतामढ़ी/सुपौल/प0 चम्पारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

6/5/2024

**सहायक निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (04) वि0सर्वे0–10/2022 ........2014........ **पटना, दिनांक**:......06/05/2024......

**प्रतिलिपिः** प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त, किशनगंज/अररिया/अरवल/बांका/बेगूसराय/जमुई/जहानाबाद/कटिहार/खगड़िया/लखीसराय/मधेपुरा/मुंगेर/नालंदा/पूर्णिया/सहरसा/शेखपुरा/शिवहर/सीतामढ़ी/सुपौल/प0 चम्पारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**सहायक निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (04) वि0सर्वे0–10/2022 ........2014........ **पटना, दिनांक**:......06/05/2024......

**प्रतिलिपिः** सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी(मु0), किशनगंज/अररिया/अरवल/बांका/बेगूसराय/जमुई/जहानाबाद/कटिहार/खगड़िया/लखीसराय/मधेपुरा/मुंगेर/नालंदा/पूर्णिया/सहरसा/शेखपुरा/शिवहर/सीतामढ़ी/सुपौल/प0 चम्पारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**सहायक निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (04) वि0सर्वे0–10/2022 ........2014........ **पटना, दिनांक**:......06/05/2024......

**प्रतिलिपि** : हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, ARAHAS Technology Pvt. Ltd. (Indo Enviro Integrated Solution Limited (IL&FS)), GISC, IIC को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

6/5/2024

**सहायक निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03 / भू0अ0नि0 (04) वि0सर्वे0—10 / 2022 ......2014...... **पटना, दिनांक**: 06/05/2024

**प्रतिलिपि** : उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना / सहायक निदेशक / प्रशाखा पदाधिकारी / संबंधित जिले के नोडल पदाधिकारी / प्रभारी विशेष सर्वेक्षण कोषांग / प्रभारी, आई0टी0 सेल, भू—अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

6/5/2024

**सहायक निदेशक,**
भू—अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03 / भू0अ0नि0 (04) वि0सर्वे0—10 / 2022 ......2014...... **पटना, दिनांक**: 06/05/2024

**प्रतिलिपि** : श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर को बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

6/5

**सहायक निदेशक,**
भू—अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03 / भू0अ0नि0 (04) वि0सर्वे0—10 / 2022 ......2014...... **पटना, दिनांक**: 06/05/2024

**प्रतिलिपि** : निदेशक, भू—अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

6/5

**सहायक निदेशक,**
भू—अभिलेख एव परिमाप

**ज्ञापांक** : 03 / भू0अ0नि0 (04) वि0सर्वे0—10 / 2022 ......2014...... **पटना, दिनांक**: 06/05/2024

**प्रतिलिपि** : माननीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

6/5/2024

**सहायक निदेशक,**
भू—अभिलेख एवं परिमाप